भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4148
29 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

विषय:- पश्चिम बंगाल में कोल्ड-स्टोरेज

4148. श्री सौमित्र खान:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल में जिले-वार कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने राज्य में किसी कोल्ड स्टोरेज को बंद कर दिया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर निर्वाचन क्षेत्र में नया कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार ऐसा कब तक करने का विचार रखती है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): पश्चिमी बंगाल राज्य सरकार से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में शीतागारों (कोल्ड स्टोरेज) की कुल संख्या 580 है। शीतागार (कोल्ड स्टोरेज) सुविधाओं की जिला-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) एवं (ग): पश्चिमी बंगाल राज्य सरकार से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने राज्य में किसी भी शीतागार (कोल्ड स्टोरेज) को बंद नहीं किया है।

(घ) केन्द्र सरकार शीतागारों (कोल्ड स्टोरेज) की स्थापना स्वयं नहीं करती है। तथापि, सरकार विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रही है जिनके अंतर्गत पश्चिम बंगाल सहित देश में शीतागारों (कोल्ड स्टोरेज) की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध है। ये योजनाएं मांग/उद्यमी आधारित हैं जिनके लिए वित्तीय सहायता क्रेडिट लिंक्ड बैक एंडेड सब्सिडी के रूप में उपलब्ध है।

पश्चिम बंगाल सरकार ने सूचित किया है कि बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर निर्वाचन क्षेत्र में नये शीतागारों (कोल्ड स्टोरेज) स्थापित करने का उसका कोई इरादा नहीं है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

लो.स.अता.प्र.सं. 4148

अनुबंध

पश्चिम बंगाल में शीतागारों (कोल्ड स्टोरेज) की जिलावार संख्या

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**शीतागारों की कुल संख्या**
1.	हुगली	159
2.	पूर्व बर्धमान	117
3.	पश्चिम बर्धमान	5
4.	पश्चिम मेदिनीपुर	91
5.	पूर्व मेदिनीपुर	2
6.	झारग्राम	2
7.	बांकुरा	51
8.	बीरभूम	19
9.	जलपाईगुड़ी	23
10.	अलीपुरद्वार	11
11.	कूचबिहार	15
12.	मुर्शिदाबाद	16
13.	हावड़ा	15
14.	उत्तर दीनाजपुर	8
15.	दक्षिणी दिनाजपुर	3
16.	मालदा	10
17.	नादिया	8
18.	उत्तर 24 परगना	15
19.	दक्षिण 24 परगना	2
20.	कोलकाता	3
21.	दार्जिलिंग	3
22.	पुरुलिया	2
	योग	**580**

****